


## एक नजर में

### बाबा नर्मदेश्वर की भव्य शाही सवारी निकली, गंगा-जमुनी तहजीब का दिखा अनुपम उदाहरण

**पिपलियामण्डी।** सावन माह की पवित्रता और शिव भक्ति के उल्लास के बीच नगर में सोमवार को बाबा नर्मदेश्वर महादेव की भव्य शाही सवारी पूरे धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ निकाली गई। श्री सांवलिया सेठ श्रृंगार समिति द्वारा लगातार दूसरे वर्ष आयोजित इस शोभायात्रा में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शाही सवारी की शुरुआत अयोध्या बस्ती स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के पश्चात हुई। बाबा की सवारी नगर भ्रमण के लिए निकली तो नगर के मुख्य मार्गों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर हर-हर महादेव के जयघोष गूंजने लगे और माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। इस शाही सवारी का विशेष आकर्षण रही बर्फ से बनी अमरनाथ महादेव की भव्य झांकी, जो एक सजी हुई बग्गी पर नगरवासियों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसके साथ ही राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी और अखाड़ों के हैरतअंगेज करतबों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। नरेंद्र धनोतिया एवं उनकी धर्मपत्नी मंगला धनोतिया ने शिव-पार्वती के रूप में बग्गी में विराजमान होकर जनमानस का ध्यान आकर्षित किया। श्रद्धालुओं ने दोनों को भावपूर्ण श्रद्धा के साथ नमन किया।

जैसे-जैसे शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, वैसे-वैसे लोग सड़कों पर कतारबद्ध खड़े होकर बाबा की झलक पाने को आतुर दिखे। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई और सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत द्वार बनाकर भावभीनी अगवानी की। इस सवारी ने सांप्रदायिक सौहार्द की अनुपम मिसाल भी पेश की। जहाँ हिंदू समाज बड़े उत्साह से आयोजन में भागीदार रहा, वहीं मुस्लिम समाज एवं बोहरा समाज के लोगों ने भी पुष्पवर्षा कर बाबा की सवारी का स्वागत कर गंगा-जमुनी तहजीब का जिंदा उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन में भरत जोशी, गोविंद कृष्णपाल सिंह शक्तावत, सुनील जैन, उमेश चौधरी, धीरज अग्रवाल, रूपचंद होतवानी, चंद्रू हेमनानी, अनिल पाटीदार, ललित सकलेचा, मनीष अग्रवाल, कमल जैन, शंकर लाल हरजानी, सुरेश हरजानी, राजू हरजानी, देवेंद्र हरजानी, राम प्रहलाद पाटीदार, राहुल शर्मा, अशोक कोहली, बाबू मंसूरी, सरफराज मेव, संजय धनोतिया, प्रमोद पोरवाल, सुनील फरक्या, भेरूशंकर माली, अनिल रोजाना, स्वरूप सिंह रोजाना, लोकेश राठौड़ आदि मोजूद रहे।

### सड़क व साइड खस्ताहाल में वाहन चालक परेशान



**नाहरगढ़।** पहली बारिश मे दम तोडता डामरीकरण सड़क मार्ग। जग्गाखेडी( नाहरगढ )से शक्कर खेडी से कचनारा तक जगह जगह गढे के साथ खस्ताहाल हो गया सड़क। दोनो साईड भी खराब होने पर वाहन चालक को परेशान होना पढ रहा है। शासन, प्रशासन व विभाग को ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ठेकेदार आमजन की सड़क मार्ग पर ध्यानाकर्षण समय पर नही कर पा रहा है इसलिए बारिश मे डामरीकरण खस्ताहाल मे हो गया है। जनप्रतिनिधिगण व जननेताओ को ध्यान देना चाहिए एसी चौपाल चौपाल चर्चा है।

## गुरुवन्दन कार्यक्रम का कयामपुर में आयोजन

▶ वृक्ष लगाकर छाया प्राप्त करें




नवभारत न्यूज

**कयामपुर/नाहरगढ। मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ब्लॉक शाखा सीतामऊ द्वारा गुरुवन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कयामपुर पर महर्षि वेदव्यास जी और माँ सरस्वती की पूजा अर्चना तथा सरस्वती वंदना के साथ गुरुवन्दन कार्यक्रम की शुरुआत हुई।** अतिथि परिचय और अतिथि स्वागत के बाद अतिथियों के उद्बोधन में मुख्य वक्ता दशरथसिंह झाला संघ चालक जिला मन्दसौर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आपने अपने उद्बोधन में गुरुवन्दन कार्यक्रम का उद्देश्य गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना है, जिन्होंने हमें ज्ञान और संस्कार प्रदान किए हैं।

आपने कहा राष्ट्र और समाज जीवन में गुरुपूर्णिमा-आषाढ़ पूर्णिमा अत्यंत महत्वपूर्ण उत्सव है। व्यास महर्षि आदिगुरु हैं। अखंड मंडलाकारं व्याप्तं येन् चराचरं, तत्पदं दर्शितंयेन तस्मै श्री गुरुवे नमः यह सृष्टि अखंड मंडलाकार है। बिन्दु से लेकर सारी सृष्टि को चलाने वाली अनंत शक्ति का, जो परमेश्वर तत्व है, वहां तक सहज सम्बंध है। यानी वह जो मनुष्य से लेकर समाज, प्रकृति और परमेश्वर शक्ति के बीच में जो सम्बंध है। विशिष्ट अतिथि शंकरलाल आंजना, संभागीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ आपने अपने उद्बोधन में कहा हम सब यहाँ एक बहुत ही खास अवसर पर एकत्रित हुए हैं - गुरु वंदन कार्यक्रम यह दिन हमें अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। गुरु, जो हमारे जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं, हमें सही मार्ग दिखाते हैं।

> हमें हमेशा विनम्र, मेहनती और सकारात्मक रहना चाहिए। इस अवसर पर अखिलेश मेहता प्रांतीय शिक्षक सम्मान प्रकोष्ठ प्रमुख और श्यामसुन्दर देशमुख भारतीय शिक्षण मंडल प्रमुख, विशिष्ट अतिथि विक्रम सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला संघटन मंत्री मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, नागुलाल मालवीय विकास खंड शिक्षा अधिकारी सितामऊ, भगवती शर्मा बीआरसी सीतामऊ, कोमल राठौर और अशोक चौहान तहसील व ब्लॉक उपाध्यक्ष की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय कुमार पांडे तहसील अध्यक्ष सीतामऊ व कार्यक्रम की अध्यक्षता बलवंत लोहार ब्लॉक अध्यक्ष सीतामऊ द्वारा की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारी, सभी शिक्षकबंधु और मातृशक्ति की उपस्थित रही। विक्रम शर्मा जिला अध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा मन्दसौर के मार्गदर्शन में गुरुवन्दन कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत लोहार ने माना कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## गरीब की गाय बकरी योजना तथा ऋण एवं अनुदान पर 10+1 बकरी पालन योजना का लाभ उठाएं

नवभारत न्यूज

**मंदसौर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग उपसंचालक द्वारा बताया गया की सभी बकरी पालक, पशुपलाक विभाग की 10+1 बकरी इकाई का लाभ उठाये। योजना के अंतर्गत बकरी पालकों को 10 स्थानीय नस्ल की बकरी, जमुनापारी व सिरोही नस्ल का 1 बकरा के साथ साथ बकरी इकाई का 5 वर्ष की अवधि का बीमा तथा 3 माह के लिय बकरी आहार प्रदाय किया जाता है।

इकाई लागत 77 हजार 456 रूपये पर अनुदान अ.जा./अ.ज.जा वर्ग हेतु 60 प्रतिशत अनुदान राशि 46 हजार 474 रूपये सामान्य वर्ग हेतु 40 प्रतिशत अनुदान राशि 30982 रूपये हितग्राही अंशदान 10 प्रतिशत 7 हजार 750 रूपये शेष बैंक ऋण व चयन प्रक्रिया-हितग्राही का ग्रामसभा का प्रस्ताव ठहराव, जंनपद पंचायत कि कृषि स्थाई समिति के अनुमोदन एवं बैंक स्वीकृती के उपरान्त उपसंचालक पशुपालन डेयरी मंदसौर द्वारा प्रकरण बैंक को प्रेषित। आवेदन व अधिक जानकारी हेतु निकटतम पशु चिकित्सालय, पशु औषधालय के प्रभारी व उपसंचालक पशुपालन डेयरी मंदसौर से संपर्क करे।



## माता-पिता ही बनाते हैं बेटियों के भविष्य की नींव : पं. नृसिंहदत्त शर्मा

**मंदसौर। श्री हंसराज कथावाचन समिति द्वारा ग्राम खेजड़िया में आयोजित श्रीहनुमान कथा के नौ दिवसीय आयोजन में श्रीगणेश हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को कथा के प्रथम दिवस पर श्री हंसराज देवस्थान समिति के संस्थापक भागवताचार्य पं. नृसिंहदत्त शर्मा 'उज्जैनवाले' ने कहा कि बेटियों के भविष्य का निर्माण केवल और केवल माता-पिता ही कर सकते हैं।**

उन्होंने कहा, "जिस घर में बेटी जन्म लेती है, वह जन्म उस घर की तपस्विनी माता के पुण्य और वरदान से होता है। माता-पिता ही बेटी के जीवन का आधार होते हैं और उसकी शिक्षा, संस्कार, और जीवन मूल्यों की नींव भी वही रखते हैं।"

पंडित शर्मा ने यह भी कहा कि कई बार बेटियाँ अपने भविष्य को लेकर चिंतित होती हैं, लेकिन उन्हें यह समझना चाहिए कि जिस माता-पिता ने उन्हें जन्म दिया है, वही उनके भविष्य के सर्वोत्तम निर्णायक और मार्गदर्शक भी हैं। कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग का भी सुंदर वर्णन किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कुलवधू रुक्मिणी को सभी बाधाओं से मुक्त कर अपना जीवन साथी बनाया और द्वारका नगरी की स्थापना की। कार्यक्रम के अंत में समस्त भक्तों द्वारा भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव मनाया गया।

**एक नजर** — शराब ठेकों पर काम कर चुके 26 मजदूरों ने दो माह की मजदूरी हड़पने, धमकी देन का आरोप लगाया

## कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पर मजदूरी हड़पने का आरोप

नवभारत न्यूज

**पिपलियामण्डी। मध्यप्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रणजीतसिंह शक्तावत एक गंभीर विवाद में घिरते नजर आ रहे हैं। जिले में शराब ठेकों पर काम कर चुके 26 मजदूरों ने उन पर दो माह की मजदूरी हड़पने, धमकी देने और ठगी जैसे आरोप लगाए हैं।** मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक मंदसौर सहित आबकारी विभाग और पिपलियामंडी-नारायणगढ़ पुलिस थानों तक पहुंच चुकी है।

पीड़ित अजयसिंह कुशवाह, संजयसिंह सहित 26 मजदूरों ने



बताया कि मार्च से मई 2025 तक शराब ठेकों पर वाहन चालक व मजदूर के रूप में कार्य कराया गया। ?15,000 मासिक वेतन, भोजन, शराब और वाहन किराए पर हुई लिखित सहमति के बावजूद 17 मई के बाद उन्हें बिना सूचना हटा दिया गया। लाखों रुपये की मजदूरी, वाहन किराया, मकान व भोजन खर्च आज तक नहीं चुकाया गया।

शिकायत में आरोप है कि मजदूरी मांगने पर रणजीतसिंह व उनके पुत्र भारतसिंह (काना) गोली मारने तक की धमकी देते हैं। उनके घर पर मौजूद गनमैन मजदूरों को डराकर भगा देता है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी सनी चौहान का नाम भी मध्यस्थ के रूप में सामने आया है, जिसने मजदूरों को यह कहकर भगा दिया कि अब तुम्हारा काम यहां नहीं है।

मजदूरों ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा, हम गरीब लोग हैं, लड़ने की ताकत नहीं है।

### रणजीतसिंह बोले - आरोप झूठे, साजिश का हिस्सा

> इस संबंध में रणजीतसिंह शक्तावत ने सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने कहा, "मेरे या मेरे बेटे का शराब ठेके से कोई लेना-देना नहीं है। आरोप लगाने वाले पहले से धोखाधड़ी के मामलों में लिप्त हैं। अगर उनके पास मेरे हस्ताक्षरित दस्तावेज हैं, तो प्रस्तुत करें।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया को हॉकी का सर्वोच्च खेल पुरस्कार

**मंदसौर। जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हॉकी खिलाड़ी नीलू डाडिया को हॉकी का सर्वोच्च खेल पुरस्कार विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।** उन्होने बताया कि यह पहला मौका है जब मंदसौर के किसी खिलाड़ी को प्रदेश का सर्वोच्च खेल पुरस्कार विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है नीलू को यह पुरस्कार हॉकी में में उत्कृष्ट उपलब्धियों पर दिया गया है। 05 अगस्त को माध्य प्रदेश शासन खेल विभाग द्वारा आयोजित शिखर खेल अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# नीमच

## एक नजर में

### सिंध समाज की महिलाओं ने पहली बार मनाया तीज उत्सव




**नीमच।** नीमच शहर के श्री भागेश्वर महादेव आश्रम में सिंध समाज की महिला समिति की ओर से पहली बार तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और मंच प्रदान करना था। आयोजन में सिंधी समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन महिलाओं के बीच एकता और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक पहल थी। समिति की अध्यक्ष स्नेहा तलरेजा, सचिव हिना बदलानी और कोषाध्यक्ष पिंकी तलरेजा ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

कार्यक्रम में शामिल हुई कई महिलाएं। मंगलवार रात करीब 9 बजे कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद महिलाओं ने सांस्कृतिक नृत्य, गायन और अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा, तृप्ति दुआ, गरिमा चौरसिया और रजिया खान अतिथि और निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों की कला की सराहना की और विजेताओं का चुनाव किया। तीज क्वीन, बेस्ट ड्रेस और अन्य श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्नेहा तलरेजा ने कहा कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। हम चाहते हैं कि हर महिला अपनी प्रतिभा को पहचाने और उसे निखारने का मौका पाए। यह आयोजन महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, सीखने और प्रेरित करने का मंच बना। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दीं और आयोजकों का धन्यवाद किया। इस सफल आयोजन के बाद समिति ने भविष्य में और भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की।

### विद्यार्थियों ने राखी मेकिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**चीताखेड़ा।** ग्राम चीताखेड़ा के लोटस पब्लिक स्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बुधवार को हुई इस प्रतियोगिता में नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं ने सुंदर राखियों का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगामी रक्षाबंधन पर्व को लेकर स्कूलों में प्री राखी प्रतियोगिता के तहत उनका कला कौशल विकास किया जा रहा है। शिक्षा के साथ इस प्रकार कला निर्माण से विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा मिलती है। लोटस पब्लिल स्कूल में प्रतियोगिता के दौरान अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।



## ज्ञानोदय विवि, फैकेल्टी आफ इंजीनियरिंग के नव प्रवेशित छात्रों का इंडक्शन कार्यक्रम

▶ प्रथम वर्ष छात्रों के लिए आयोजित इंडक्शन प्रोग्राम




नवभारत न्यूज

**नीमच। ज्ञानोदय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन और ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानोदय विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ प्रशांत शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर किया गया।**

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक पृष्ठ भूमि के बारे परिचित कराना रहा हैं, ताकि वे अपने शैक्षणिक जीवन की एक सकारात्मक और संगठित शुरुआत कर सके। विवि की चांसलर महोदयद्य डा.माधुरी चौरसिया द्वारा विधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में जितना अनुशासन आवश्यक हैं, विश्वविद्यालय में उतना ही नियमित उपस्थिति भी जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने नैतिक मूल्य और मानवीय मूल्यों के महत्व पर भी बल दिया। विश्व विद्यालय के वॉइस चांसलर डॉ. प्रशांत शर्मा ने संस्थान की शैक्षणिक नितियों, एजुकेशन प्रणाली और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग के प्राचार्य डा. ललित यादव ने विधार्थियों को विश्व विद्यालय के द्वारा संचालित विभिन्न इंजिनियरिंग प्रोफेसनल्स कोर्सो के बारे में विस्तृत से जानकारी प्रदान की। और साथ ही रेगिंग के विरुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा की गई कठोर नीतियों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

> यहां के विद्यार्थी पूरे भारत में विश्वविद्यालय एवं अपने प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।आप मन लगाकर पढ़ें, निर्माण विश्वविद्यालय के हाथों छोड़ें। इस संस्थान में कामयाबी आपके चरण छूएगी और आपका भविष्य स्वर्णिम होगा। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ पुन: बधाई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर आशी शर्मा एवं प्रोफेसर मोहित शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## सर्पदंश से 77 वर्षीय महिला की मौत, 9 दिन से जिला अस्पताल में चल रहा था इलाज

**नीमच।** जिले के मनासा थाना क्षेत्र के गांव पीपलिया रावजी में 77 वर्षीय महिला की सर्पदंश से मौत हो गई है। 28 जुलाई को सांप के काटने से घायल हुई कमला बाई पति किशननाथ का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। आज सुबह लगभग 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। घटना के दिन कमला बाई अपने घर के बाहर बैठी थीं, तभी एक सांप ने उन्हें काट लिया। परिजन तुरंत उन्हें मनासा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें नीमच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। उसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### समिति की बैठक आज

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस, जनजातीय दिवस, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, डोल ग्यारस, मिलाद-उन-नबी, अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन), नवरात्री प्रारंभ, महाअष्टमी, विजयादशमी, दशहरा, महर्षि वाल्मिकी जयंती, दीपावली, गोवर्धन पूजा जिले में आपसी भाई चारे एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाने के संबंध में कलेक्टर सभागृह में होगी।




## नीमच में मेडिटेशन प्रशिक्षण कार्यशाला

नवभारत न्यूज

**नीमच। महानिरीक्षक, प्राचार्य, सी.टी.सी. नीमच संदीप दत्ता, (म.प्र.) के निर्देशानुसार 4 से 6 अगस्त 2025 तक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, नीमच, के.रि.पु.बल में समग्र कल्याण और एकीकृत अमृता मेडिटेशन (आईएएम तकनीक) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

इस कार्यशाला में केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय के कमान्डेंट जितेन्द्र कुमार गुप्ता (पी.एम.जी.), उप कमान्डेंट आशीष भटनागर, सहायक कमान्डेंट राजेश पंचाल, विशाल कुमार चौहान, मनोज कुमार, एवं संयुक्त अस्पताल, के.रि.पु.बल नीमच में पदस्थ अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने सहभागिता की। कमान्डेंट श्री जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा, कि हम सब जानते है, कि हमारी जीवनशैली दिन-ब-दिन अधिक व्यस्त होती जा रही है, विशेष रूप से सुरक्षाबलों के जवानों के लिए, जो देश की सेवा में 24×7 तत्पर रहते है। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना और आत्मिक शांति प्राप्त करना बेहद आवश्यक हो जाता हैं।

उन्होने कहा, कि ध्यान कोई साधारण अभ्यास नहीं हैं। यह एक आन्तरिक विज्ञान है, जो मन को स्थिर करता है, विचारों को नियंत्रित करता है और हमें जीना सिखाता है।

> कमान्डेंट श्री गुप्ता ने सभी का आव्हान किया, कि इस प्रकार के ध्यान अभ्यास को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए। यह मानसिक, शारीरिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। यह जानकारी के.रि.पु.बल नीमच (सी.टी.सी.) द्वारा दी गई।

**एक नजर** — 27 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं कार्यक्रम का विश्राम

## संकट की घड़ी में हमें कभी घबराना नहीं चाहिए : रूद्रदेव त्रिपाठी

▶ शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा रखे बिना आत्म कल्याण नहीं - रुद्रदेव जी त्रिपाठी



**नीमच। देवों के देव महादेव शिव के प्रति हमारा लगाव भक्ति सच्ची होना चाहिए।परमात्मा के लिए सच्चा समर्पण रखेंगे तो जीवन में हमारा आत्म कल्याण होगा। कई बार श्रद्धा बदलते रहते हैं।जहां अभी हमें लाभ दिखता है हम उस देवी देवता की उपासना करने लगते हैं।** ऐसे मनुष्य कभी भी परमात्मा की कृपा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। जीवन में यदि मोक्ष पाना है तो ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा और विश्वास बनाए रखना होगा। यह बात गुरुदेव रुद्रदेव जी त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 26 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि परमात्मा के प्रति हमारा समर्पण विश्वास सच्चा होना चाहिए। क्षणिक लाभ के लिए इधर-उधर नहीं जाना चाहिए। ईश्वर की उपासना से यह लाभ होगा या दूसरे धार्मिक स्थान पर जाने से यह लाभ होगा। मनोकामना पूरी होगी ऐसे प्रबल में नहीं फंसना। ऐसा करने से भले ही कुछ समय के लिए लाभ मिल जाए लेकिन हमारी गति बिगड़ना तय है। रुद्राक्ष वितरण का उद्देश्य परमार्थ और भलाई का लक्ष्य है कि सभी का जीवन सुखी रहे। माता-पिता बहने साड़ी चूड़ी कंगन का मैचिंग करती है लेकिन भगवान की भक्ति का मैचिंग पर ध्यान नहीं देती है बच्चों के नाम महापुरुषों या भगवान के नाम पर रखना चाहिए तभी हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। भक्ति करते हैं तो लेकिन कभी-कभी परमात्मा हमारी परीक्षा भी लेता है इसलिए संकट की घड़ी में हमें कभी घबराना नहीं चाहिए।

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल सीबीएसई वेस्ट जॉन तैराकी प्रतियोगिता

नवभारत न्यूज

**नीमच। सीबीएसईव वेस्ट जॉन प्रतियोगिता ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल भोपाल में आयोजित की गई। जिसमे ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की अण्डर-17 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जीत अर्जित की।** बालक वर्ग में पृथ्वीराज सिंह हरोड़ ने अंडर-17 में 100 मीटर बैकस्ट्रोक में कांस्य पदक जीता। इस अवसर पर संस्था की निदेशिका श्रीमती डॉ.गरिमा चौरसिया एवं प्राचार्य श्री सुशील कुमार ने छात्र को बधाई दी। उक्त जानकारी तैराकी टीम कोच श्री अजमत खान ने दी।

